रा0प्रा0वि0 बलुआ कोटहिया बगहा–02 (अति0) प0 चम्पारण से संबंधित केस स्टडी (Case Study) डायस कोड़ :– 10010801302

<u>**Case Study** के प्रस्तुतकर्त्ता :–</u> भोला पासवान प्रधान शिक्षक रा0प्रा0वि0 बलुआ कोटहिया बगहा–2 (अति0) प0 चम्पारण।

बगहा प्रखण्ड मुख्यालय से 14 K.M. की दुरी पर बगहा से हरनाटॉड को जाने वाली मार्ग पर सिधॉव चौक से 3 K.M. पश्चिम अवस्थित रा0प्रा0वि0 बलुआ कोटहिया है। इस गॉव की आबादी का 99 ٪ अत्यन्त पिछड़ा जाति वर्ग है।

मैं 01/03/2007 से प्रधान शिक्षक के रूप में कार्यरत हूॅ। प्रभार के बाद सर्वप्रथम जब मै विद्यालय पहॅुचा तो विद्यालय नवसृजित होने के कारण विद्यालय भवनहीन था गॉव में घुम–घुम कर बच्चों का नामांकन किया गया एंव एक पे़ड के निचे पठन पाठन संचालित किया गया जिससें बहुत सारी कठिनाईयो का सामना करना पड़ा। सर्वप्रथम शिक्षको एंव अभिभावकों के साथ बैठक कर विद्यालय की समस्या जैसे बच्चों का विद्यालय परिधान में ना होना, विद्यालय आवंटित परिसर में मिट्ी भराई, पेड़ पौधे बागवानी की कमी यादि को चिन्हित किया गया एंव दृढ संकल्प के साथ विद्यालय परिवार के सहयोग से एक–एक समस्या का समाधान किया गया। भवन बनने के बाद आज रा0प्रा0वि0 बलुआ कोटहिया पूर्णतः स्वच्छ, हरा– भरा एंव आकर्षक विद्यालय है।

<u>बदलाव हेतु मेरे द्वारा किए गए प्रयास :–</u> स्थानीय मुखिया से सर्म्पक कर विद्यालय परिसर में मिट्ी भराई एंव चाहरदिवारी निर्माण कार्य सम्पन्न कराया गया। सभी शौचालयो में नल द्वारा जल की आपूर्ति, हाथ धुलाई हेतु व्यवस्था, विद्यायल भवन का रंग रोगन कार्य पुरे परिसर में फुल पेड़ –पौधो की सुन्दर एंव आकर्षक बागवानी, बाल संसद एंव शिक्षको के सहयोग से विद्यालय परिसर शौचालय पेयजल स्त्रोत की नियमित रूप से साफ–सफाई, सभी वर्ग कक्ष एंव परिसर में कुड़ादान की उपलब्धता, प्राथमिक उपचार कीट की व्यवस्था विद्यायल में किचेन गार्डेन की व्यवस्था उगाई गया सब्जियो का मध्याह्न भोजन में उपयोग किया जाता है। हमने प्रत्येक दिन चेतना सत्र को खास बनाने के लिए साउण्ड सिस्टम, पोडियम, का उपयोग किया जाता है। विद्यालय विकास योजना का उपयोग कर विद्यालय में आनंदशाला, बाला पंन्टिग पुस्तकालय इत्यादि का कार्य कुशल कारीगर द्वारा कराया गया जिसका परिणम यह हुआ कि मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के लिए चयनित हुआ तथा पुरस्कुत हुआ।

<u>प्रयासोपरान्त विद्यालय में हुए बदलाव के फलस्वरूप सकारात्मक परिणाम :–</u>
विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयास से प्रभावित होकर अभिभावकों द्वारा निजी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का अपने विद्यालय में नामाकंन कराया जा रहा है। विभाग द्वारा प्राप्त चहक (FL.N) कीट 1–5 एंव पुस्तकालय की पुस्तकों का शत् प्रतिशत उपयोग किया जाता है। चहक कीट के माध्यम से बच्चे काफी आनंदित होकर सीखते है एंव नियमित रूप से विद्यालय आते हैं। नवाचार को बढावा देने के लिए सभी शिक्षक स्मार्ट क्लास का उपयोग करते हैं जिसके फलस्वरूप अभिभावकों एंव ग्रामीणों के लिए आकर्षक का केन्द्र बना हुआ है। शिक्षकों के अथक प्रयास एंव सहयोग के कारण ही कोविड 19 के समय शैक्षणिक नुकसान की भरपाई करने की दिशा में यह विद्यालय अग्रसर है।

<u>इस विद्यालय के कार्य करने के अनुभव से अन्य विद्यालयो के प्रधानाध्यापकों के लिए सुझाव :–</u> सामूहिक प्रयास (शिक्षक बाल संसंद, विद्यालय शिक्षा समिति अभिभावक) के द्वारा प्रतिकुल परिस्थिति में अनुकुल कार्य कैसे किया जाता है इसका अनुभव मुझे प्राप्त हुआ, और हम चाहेंगे कि बगहा प्रखण्ड के सभी प्रधानाध्यापक अंतः मन से दृढ संकल्पित होकर विद्यालय परिवार के सहयोग एंव आम सहमती से कार्य करे तो निश्चित रूप से "हम होगे कामयाब एक दिन"।

बस मन में विश्वास एंव दृढ इच्छा शाक्ति होनी चाहिए।







चेतना सत्र में भाग लेते हुए बच्चे।





योगा करते हुए बच्चें।







शिक्षक एंव विद्यालय शिक्षा समिति के साथ बैठक करते हुए।






स्वच्छ वातावरण एंव स्वच्छ विद्यालय।







बाल संसद में बैठक करते बच्चें।







विद्यालय परिसर में शिक्षक एंव बच्चों द्वारा पौधा रोपन करते हुए।






चहक (**FL.N**) के माध्यम से गतीविधि करते बच्चें।







बाला पेन्टिगं कुशल कारीगर द्वारा कराया गया।






पोषक वाटिका एंव मध्याह्न भोजन करते बच्चे।





विद्यालय परिसर में शौचालय एंव पेय जल स्त्रोत की नियमित रूप से साफ–सफाई।




खेल गतिविधि में भाग लेते बच्चें।







स्मार्ट क्लास में भाग लेते बच्चें एंव पुरस्कृत ग्रहण करते हुए।